राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 40.00 संख्या 2372
अखिरी ध्रुव
सुपरकमांडो ध्रुव

Hi, This is 99.4 FM. और शमशीर सिंह फिर से हाजिर है आज के हॉरोस्कोप के साथ! अब बारी है जेमिनी यानी मिथुन राशि की।
हे हे! ये तो मेरा साइन है। अच्छी प्रेडिक्शंस देना शमशीर।
आइला! ये हॉरोस्कोप है या हॉरर स्कोप!!
आज आप चलेंगे कम, गिरेंगे ज्यादा। तो बैठे रहें, न चलेंगे, न गिरेंगे।
ये...ये क्या बकवास है।
और, और... और...आज आप बुरी तरह से डरने वाले हैं। बूहूहाहाहाहाहा!
डैम इट! जो मुंह में आया बक दिया। ऐसा कहीं होता... अ...ओ।
मेरी आंखें खराब हो रही हैं, या ये बिल्ली...
...हवा में बैठी है!!

आई थिंक, मुझे भ्रम हो रहा है! लेकिन मैं इस भ्रम को दूर करूंगी! खुद चेक करूंगी इस बिल्ली को!
खराSSSश
आऊं! ये भ्रम नहीं है!! पर ये हवा में कैसे बैठी...
मंयांऊं
ओ! ये क्या है?
ठक
आऊ! आSSS ह!! यहां कुछ है!! कुछ है!
वहां तो कुछ भी नहीं है! तुम्हारी तबियत तो ठीक है न!
तबियत नहीं, इसकी आंखें खराब लगती हैं।
वर्ना इसको दिख जाता कि ये कहां जा रही...आऊSSS!
क्या है? क्या है?
भूत है! ये...ये कोई भूत है!!
बचाओ! बचाओ!
राजनगर में शायद एक नई मुसीबत आ गई थी...

...क्योंकि पुरानी मुसीबत तो अभी भी मौजूद थी।
आऽऽऽह! क्या मैं...
नहीं। मैं तो वापस यहीं पर आ गया! यानी मुझे खींचने वाली शक्ति टाइम टनेल नहीं, बल्कि रिवर्स पाथ ट्रेसर थी, जो खतरे का आभास होते ही वहीं पर वापस पहुंचा देती है जहां से प्रस्थान किया गया था।
यानी मेरे पास अभी भी फाइनल टेस्टिंग के लिए समय है।पर टाइम टनेल भी तो एक्टीवेट हुई थी! और बिना किसी के प्रवेश किए वह बंद होने वाली नहीं थी। फिर वह बंद कैसे हुई? कहीं ध्रुविष्य तो उसमें नहीं घुस गया!!
"आइसोलेटर का मेरा पुराना साथी ब्लैंकर, जिसको मैंने अपने साथ ही आइसोलेटर से भगाया था।"
2010
5062
"और जिसको मैं टाइम एक्सप्लोरर को ऑन करने का जिम्मा सौंपकर आया था! वह ध्रुविष्य को पहुंचते ही...मार देगा।"
आई होप बमूर तुम अपना वह गुप्त हथियार साथ लेकर आए हो, जिसकी काट इस दुनिया में किसी के पास नहीं है और...ध्रुविष्य का क्या हुआ? उसे भी तो तुम्हारे पीछे भेजा गया था।
वह बचा या...
...मर गया!
ऐसा हुआ तो गड़बड़ हो जाएगी। वह मेरे टाइम एक्सप्लोरर की स्थिति को जान जाएगा और मशीन को जाम कर देगा।...फिर भी एक उम्मीद है।...

संजय गुप्ता पेश करते हैं!

अखिरी ध्रुव

भाग 2

राज कॉमिक्स है मेरा जनून!

अनुपम सिन्हा
कथा एवं चित्रांकन

जगदीश, नरेश, लक्ष्मीन, विनीत
इंकिंग

साहिल, प्रवीन सिंह, शादाब, खुशीराम
इफेक्ट्स

अमित कठेरिया
डिजिटल कैलीग्राफी

मंदार गंगेले
सह सम्पादक

मनीष गुप्ता
सम्पादक

ये तुम्हारे लिए भविष्य की दुनिया है, ध्रुव! और इस दुनिया से तुम बिल्कुल अंजान हो!
सच है। अब ऐसे ही सच बोलते रहो!
बमूर का मेरे समय काल में ही पहुंचना क्या मात्र संयोग था या किसी षड्यंत्र का हिस्सा?
बमूर को दरअसल एक ही प्रोजेक्ट दिया गया था। किसी अत्यंत विनाशकारी गुप्त यंत्र को पास्ट से लाना। उस युग में तुमको मारना असम्भव माना जा रहा था, इसीलिए तुमको मारने के बारे में सोचा भी नहीं गया था!
और इस युग में भी तुमको मारने के लिए सोचना नहीं पड़ेगा। क्योंकि तुम हमारी एडवांस्ड टेक्नीक के सामने दो पल भी नहीं टिक पाओगे।
इतना सब कुछ जानने के बाद मैं अब मरना 'एफोर्ड' नहीं कर सकता! मेरी जान के साथ मेरे पूरे वंश की जान जुड़ी है!
मुझे अपने समय काल में वापस जाना होगा! और उसमें मेरी मदद ये आदमी कर सकता है!
Wow! पहली बार मेरे लेजर नाइफ्स से कोई इंसान बचा है! एमेजिंग! पर अब तुम नहीं बच पाओगे!

क्योंकि ये 'ट्रैकर लेजर नाइफ्ज' हैं! ये तुझे ट्रैक करके मारेंगे!...
...दौड़ा-दौड़ा कर! ध्रुव वंश का टर्मिनेटर बनेगा ब्लैंकर!!
सॉरी, ब्लैंकर! यहां पर भागने के लिए ज्यादा जगह नहीं है!...
इसीलिए ये रेस...
...मुझे जल्दी खत्म करनी पड़ेगी!
...मैं जीता!

इतनी फुर्ती! इतना तेज मुक्का!! अविश्वसनीय!!
यह हल्का मुक्का था! तेज मुक्का तुम्हारी जान भी ले सकता है!... ...और ऐसा ही होगा मैं और यहां पर रुक गया तो!
रुकना मत! रुकना मत!!!हम ध्रुविष्य से ही परेशान हैं। अगर तुम रुक गए तो...
तो फिर मुझे इस मशीन से वापस मेरे युग में भेज दो।
ये...ये मैं नहीं कर सकता। मैं सिर्फ इस मशीन को ऑन-ऑफ करना जानता हूं। वैसे भी, जहां तक मुझे पता है, ये सिंगल यूज मशीन है। एक बार के इस्तेमाल के बाद ये बेकार हो जाती है। अब न जाने बमूर कैसे वापस आएगा!
कोशिश करो। शायद तुम इस मशीन को रीसेट कर सको!
ठी...ठीक है। मैं तो खुद चाहता हूं कि तुम वापस चले जाओ।
एक मिनट! कुछ याद आ रहा है। इस मशीन को जोड़ने में मैंने बमूर की मदद की थी! इस बटन से टाइम और इयर सेट करते हैं। और इस कंट्रोल से...
Oh No! Z. I am sorry Z! अब... अब से मैं बगैर आपसे पूछे कोई भी निर्णय नहीं लूंगा। आSSSS!
Sorry Z...
साँ SSSSSS आ SSS
कड़ाममम SSSS

ये...ये क्या था? और ये 'जेड' कौन है? मामला उतना सीधा नहीं है, जितना नजर आ रहा है!
ये इस युग की एकलौती टाइम मशीन नहीं हो सकती। कहीं न कहीं दूसरी टाइम मशीन्स भी होंगी। मुझे उसका पता लगाना होगा।
पर दो समस्याएं हैं। एक तो मैं इस युग की हर चीज से एकदम अंजान हूं। और दूसरी यह कि मैं इस युग में काफी पापुलर हूं!
पर मैं एक बार पहले भी भविष्य की सैर कर चुका हूं।* और वह अनुभव आज मेरे काम आएगा! वह अनुभव पहली समस्या तो सुलझा देगा।
*जानने के लिए पढ़ें = 'उड़नतश्तरी के बंधक'
...पर दूसरी समस्या का मैं क्या करूंगा। जब हर कोई मुझे पहचान कर मेरे पीछे पड़ जाएगा! अब अपने आपको मैं...
...कैसे छुपाऊंगा?
ये... ये क्या हो रहा है!!
ये सवाल भविष्य से लेकर-

वर्तमान तक में पूछा जा रहा था-
ये... ये क्या हो रहा है?
ह..हवा धक्का मार रही है! हिच्!
अह!
धप्प!
अह! ये तो... इन्विजिबल रे का असर था।
मैं तो समझा था कि मुझे 'डिस्इंटिग्रेटर रे' ने हिट किया है। पर...
अगर मैं जिंदा हूं तो ध्रुव को भी जिंदा होना चाहिए! यानी ध्रुव पर भी किसी और किरण ने वार किया था! पर किसने? देखता हूं! अगर मेरा डी.एन.ए. ट्रैकर अभी भी काम कर रहा है तो...
डी.एन.ए. ट्रैकर तो सही काम कर रहा है। पर ये ध्रुव को ट्रैक नहीं कर पा रहा है! और न ही बमूर को।
बमूर तो अपने आपको छुपाने के लिए डी.एन.ए. ट्रैकर को अवरुद्ध कर सकता है। पर ध्रुव कहां गया? खैर, अगर ध्रुव यहां पर नहीं है...
...तो बमूर को मैं ज्यादा आसानी से पकड़ सकता हूं!...
...क्योंकि अब मुझे ध्रुव की जान जाने की चिंता नहीं है।
ध्रुविष्य गलत दिशा में सोच रहा था।
अब सवाल सिर्फ एक जान का नहीं-

...बल्कि एक महानगर की पूरी आबादी का था।
फाइनल टेस्टिंग शुरू करने के लिए मुझे पहले उनको रास्ते से हटाना होगा जो मेरी टेस्टिंग में अंजानी बाधा खड़ी कर सकते हैं।...
...और उसके लिए मुझे तुम्हारी मदद चाहिए, क्लोनर!
आपने अपनी इंटेलिजेंस मेरे अंदर ट्रांसफर की है! अब क्लोनिंग आब्जेक्ट का एक सैंपल मुझे दें दें। बाकी का काम मुझ पर छोड़ दें।
ठीक है! पर ध्यान रहे! मैं ध्रुविष्य या ध्रुव को ट्रैक नहीं कर पा रहा हूं! वे कहीं पर भी हो सकते हैं! अगर वे तुमको रोकने की कोशिश करें तो उनको मार डालना है! कर सकोगे न?
अपनी इंटेलिजेंस पर भरोसा रखें! और काम को पूरा हुआ समझें।
ध्रुव की गाथाओं ने मुझको ध्रुव के बारे में पहले से ही काफी कुछ बता रखा है। यहां पर मुझे करीम, पीटर या रेणू मिलेंगे।
HEADQUA
और मैं उम्मीद करता हूं कि वे बमूर तक पहुंचने के लिए सूत्र ढूंढने में मेरी मदद कर सकेंगे।
मेरे पास समय बहुत कम है। उम्मीद है कि कमांडोज मेरे साथ सहयोग करेंगे!

लेकिन पता नहीं वे मेरी इस बात पर विश्वास करेंगे भी या नहीं,...
...कि मैं भविष्य से आया हुआ ध्रुव का वंशज हूं!...
यही था?
हां! कैप्टन इसी के साथ स्टार कॉप्टर पर लटका था जब फाइट हो रही थी। और इसी के साथी के शरीर से वे किरणें निकली थीं जिन्होंने कैप्टन को गायब कर दिया।
एक मिनट! वह मेरा साथी नहीं, मेरा दुश्मन था! और ध्रुव उसको पकड़ने में मेरी मदद कर रहा था।
चलो, इस पर हम यकीन कर लेते हैं। लेकिन कैप्टन से तो तुम्हारी मुठभेड़ पहले भी हुई थी! उसका क्या कारण था। क्या वह भी दोस्ताना लड़ाई थी?
वो तो...मैं ध्रुव को उस अपराधी तक पहुंचने से रोक रहा था, ताकि वह ध्रुव को मार न डाले!
कैप्टन को मार डाले? यह ख्याल तुम्हारे दिमाग में कैसे आया?
क्योंकि वह अपराधी भविष्य से आया है...
...वहीं से, जहां से मैं आया हूं!
भविष्य से! वाऊ!
पर कैप्टन के मरने या न मरने से तुमको क्या फर्क पड़ रहा था?

क्योंकि ध्रुव मेरा पूर्वज है। वह मर जाता तो उसके पूरे वंश का अस्तित्व ही मिट जाता!
मेरा भी!
ओह! तो तुम भविष्य से आए हो और कैप्टन के वंशज हो!
पर कैप्टन तो शायद...मर गए! लेकिन तुम अभी जिंदा हो! इसका मतलब तुम सच नहीं बोल रहे हो।
ध्रुव जिंदा है! कहां है, यह मुझे नहीं पता! और इसीलिए मुझे तुम्हारी मदद चाहिए।
मदद? कैसी मदद? तुमको तो राजनगर में अशांति फैलाने और कैप्टन की मौत का कारण बनने के आरोप में गिरफ्तार कर लेना चाहिए।
तुम समझ नहीं पा रहे हो। अगर तुमने मेरी मदद नहीं की तो न मैं रहूंगा, न तुम और न ही ये शहर! बमूर इस पूरे शहर को खत्म कर देगा!
बमूर! यानी वह अपराधी! तुम्हारी किसी भी बात पर यकीन करना मुश्किल है। अगर तुम सचमुच ध्रुव के वंशज होते तो हम जान पर खेलकर भी तुम्हारी मदद करते। पर तुम ऐसा साबित नहीं कर पाए!
मेरे पास जिरह के लिए समय नहीं है। मैं ध्रुव का वंशज हूं। अपने युग का अपराध विनाशक हूं और अगर तुम लोग सबूत ही देखना चाहते हो...
12

ये भविष्य की फाइटिंग स्टाइल 'मल्टी आर्मर' थी! इस स्टाइल की मदद से एक इंसान दो दर्जन गुंडों से एक साथ निपट सकता है। वो भी पांच सेकेण्ड में
चलो हमने तुम्हारा भविष्य से आना मान लिया! पर ध्रुव के वंशज होने का क्या सबूत है?
डी.एन.ए. मैच कर लो!
उसमें टाइम लगेगा। इतना समय नहीं है।
फिर तुम खुद ही बताओ! क्या सबूत चाहते हो?
अगर तुम हमको हरा दोगे तो हम मान लेंगे कि तुम्हारी रगों में भी ध्रुव का खून है।
यहां पर तीस कैडेटस हैं और सभी ट्रेंड फाइटर हैं। कैप्टन हम सबको अकेला हरा सकता था।

तो आ जाओ! साबित करो!
ठीक है! यह सबूत चाहते हो, तो ऐसा ही सही!
तैयार हो जाओ!
We are ready!
नहीं! मैं ऐसा नहीं कर सकता!
तुम मानो या न मानो! सबूत देने के नाम पर मैं किसी निर्दोष पर हाथ नहीं उठा सकता!
मैं जानकारी किसी और सूत्र से प्राप्त कर लूंगा!
रुक जाओ...

कैप्टन!
यानी...
हां...अगर तुम हमसे लड़ते तो यह साबित हो जाता कि तुम ध्रुव के उत्तराधिकारी नहीं हो।
अब पूछो, क्या पूछना चाहते हो!
शुरुआत तो एक अफवाह से हुई थी फिर कैप्टन ने अपने रिकार्डेड लॉग में पता नहीं क्यों, सीवर में पैदा हो रहे मोटे चूहों का जिक्र किया था ...
बमूर को मैं अपने यंत्रों की मदद से नहीं ढूंढ पा रहा हूं। ध्रुव ने जरूर कुछ ऐसे सूत्र ढूंढे होंगे जिनकी मदद से वह उस तक पहुंच सका!
मैं उन सूत्रों को जानना चाहता हूं।
...जिनकी आंखें, नशा किए प्राणी जैसी थीं...
COMM
"उसके बाद ध्रुव, बमूर तक उसके एक आदमी का पीछा करते हुए पहुंचा और उसको मात दी। फिर कैप्टन के रिकॉर्डेड लॉग में बमूर का कोई जिक्र नहीं है।"
बमूर के उस ठिकाने का पता है तुम्हारे पास?
है! परंतु वहां पर अब कुछ नहीं है। वह जगह पुलिस के कब्जे में है।
बमूर क्या कर रहा है ये तो मैं जानता हूं। पर वह वह काम कहां करेगा और कैसे करेगा, ये अभी भी जानना बाकी है। काश, ध्रुव यहां पर होता।
पर कैप्टन अगर जिंदा है...

"...तो आखिर वह है कहां?"
कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि ये हो क्या रहा है किसी से पता करना पड़ेगा।
Hey! Hey Mister! इधर-इधर...
ACCECERIES
कुछ कन्फ्यूज लगते हो, दोस्त! लगता है ओरिजिनल ध्रुव वाला गेटअप तुमको पसंद नहीं आ रहा है।आ जाओ! अभी माल बहुत सस्ता है। आ जाओ, आ जाओ।
इससे सामान खरीदने के बहाने यह पता किया जा सकता है कि ये क्या हो रहा है!
50%+20% DISCOUNT
बताओ किसकी ड्रैस चाहिए! अपने पास पूरी रेंज हैं। वह भी 50%+ 20% Discount पर! Happy hours का 5% discount extra.
अ...मैं... मुझे पहले कुछ जानना है?
पैसे नहीं है?
STAR DHRVA

कहानी 19 पेज से जारी-

परीरक्षक भोकाल पर मौत का पहला हमला...
जिंदा नहीं छोड़ेगा
परीरक्षक भोकाल
बाबिनी
Sushant Panda
Bishwajaya Ghosh

मैं दरअसल जानता ही नहीं हूं कि ये हो क्या रहा है? आप जरा डिटेल में बताएंगे तो मैं कुछ सही सही खरीद पाऊंगा।
तुम...तुम 'ध्रुव ट्रायर' के बारे में नहीं जानते!! ये हमारी दुनिया के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। तुम 'कोमा' में रहकर इतने बड़े हुए हो क्या?
अ... मुझे...भूलने की बीमारी है।
ओ! एम्नेशिया! तो सुनो! आज के दिन ही सुपर कमांडो ध्रुव का जन्म हुआ था। एक ऐसा इवेंट जिसने दुनिया को बदल दिया।
एक ऐसा वंश दिया जो युगों से अपराध का विनाश करता आ रहा है। जरा सोचो...
पिछले 3000 सालों में अगर ध्रुव का वंश न होता, तो इस दुनिया में अब तक कितने गुना ज्यादा अपराधी होते।
आज 22 तारीख है? 22 अप्रैल!
21 अप्रैल है, भुलक्कड़!
पर... ध्रुव तो 22 को पैदा हुआ था!
हुम! तेरी याददाश्त वापस आ रही है, लड़के। डेट्स में कंफ्यूजन है। इसीलिए हम तीन दिनों तक लगातार जश्न मनाते हैं। इनमें से एक न एक दिन तो ध्रुव के बर्थ डे का ही होगा न।
इसीलिए यह त्यौहार 'ध्रुव ट्रायर' कहलाता है। अब बताओ! क्या बनना है? स्टार ध्रुव, ध्रुवर...
ध्रुविष्य!
ध्रुविष्य का रूप मेरी पहचान छुपाने में मदद भी करेगा और षड्यंत्रकारियों को बेनकाब करने में भी।
Rs. 2,00,000 only!
बम्पर डिस्काउंट के बाद दो लाख? इसके लिए?
अब महंगाई-महंगाई मत चिल्लाना! पैसे है न?

सॉरी, मेरे पास इस वक्त सिर्फ ये ही है। दरअसल मैं ज्यादा पैसे लेकर...चला ही नहीं था। इससे काम चलेगा?
ये-ये... ये तो...
मुझे पता है कि ये शायद यहां पर एक्सेप्ट नहीं होगा! पर मेरे पास अभी और कुछ नहीं है।
ये-ये... ये तो...
आगे भी तो बोलिए!
गड़ब, गड़गड़ ये तो...
ये तो विन्टेज नोट है। 2009 का! इसकी कीमत तो अरबों-नहीं...नहीं खरबों में होगी। पर...ये नया-नया छपा नोट कहां से ले आए, भाई?
तो...आप इससे दो लाख काटकर बाकी रख लीजिएगा।
BARGAIN OFFER 50 PERCENT
क्या कहा? मैं...बाकी रख लूं? मैं तो...मैं तो...
गया! बड़ा सस्ता जमाना है। लोग हजार रुपए देखकर ही बेहोश हो जाते हैं। पर अब मुझे....
...दूसरी टाइम मशीन का पता लगाना है। वन मिनट! बमूर को पास्ट में भेजने वाली मशीन तो टूट गई!
पर ध्रुविष्य को पास्ट में भेजने वाली मशीन को अभी भी मौजूद होना चाहिए! इसीलिए अब मुझे...

"...उस मशीन का पता लगाना होगा।"
ध्रुविष्य का कुछ पता चला, पॉप? अभी तक तो उसे वापस आ जाना चाहिए था।
मैं भी इसी चिंता में हूं! टाइम एक्सप्लोरर तो अब सही काम कर रहा है। पर इसका ध्रुविष्य से कनेक्शन नहीं हो पा रहा है। पता नहीं...
पिंग लिंग
पिंग लिंग
पिंग लिंग
Yes Boss!
लिप्सी, कहां हो तुम? ध्रुव-ट्रायर के उपलक्ष्य में हर जगह पर फंक्शन हो रहे हैं। पर न तो तुम्हारा कहीं पता है और न ही ध्रुविष्य का।
अगर ध्रुविष्य और कुछ घंटों तक नजर नहीं आया तो ये ब्रेकिंग न्यूज बन जाएगी। ध्रुव ट्रायर पर ध्रुविष्य गायब!
Contact him.
O... O.K. Boss!
ध्रुविष्य को वापस लाइए, पॉप! वर्ना बहुत बड़ा स्कैंडल हो जाएगा। अफवाहें फैलेंगी और अपराध बढ़ेंगे!
मैं कोशिश तो कर रहा हूं न, लिप्सी! अगर कोई गड़बड़ हुई तो हम किसी को नकली ध्रुविष्य बनाकर पेश कर देंगे!
कोई स्कैंडल नहीं होगा।
आजकल हर आदमी डी.एन.ए. ट्रैकर लेकर घूमता है। एक सेकंड में सभी को असली-नकली का फर्क पता चल जाता है! कुछ करो, पॉप! कुछ करो।

'हमको असली ध्रुविष्य ही चाहिए।'
ध्रुविष्य किसी सीक्रेट मिशन पर गया हुआ है। पर मुझे विश्वास है कि वह कल तक वापस आ जाएगा।
ध्रुविष्य की गर्लफ्रेंड को नहीं पता कि वह कहां पर है? ये न्यूज चैनल वाले हमें समझते क्या हैं? उल्लू? उल्लू तो ये हैं। वर्ना डी.एन.ए. ट्रैकर से उसे तलाश कर लेते।
ध्रुविष्य के डी.एन.ए. कोड तो सभी के पास हैं।
पर डी.एन.ए. ट्रैकर तो तुम्हारे पास भी है। हर समय मुझे ट्रैक करती रहती हो। अब बताओ, उल्लू कौन है?
ठीक है, ठीक है, मैं ही इसकी शुरुआत करती हूं।
ये लड़की ध्रुविष्य की गर्लफ्रेंड है। शायद ये मेरी मदद कर सके? पर...ये मिलेगी कहां पर?
ध्रुव को इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं थी।
क्योंकि किस्मत उसको खुद ही लिप्सी तक पहुंचाने वाली थी।
अरे! ध्रुविष्य तो ये रहा!!
हां! मेरा डी.एन.ए. ट्रैकर भी इसी का सिग्नल दे रहा है!
O God! वही हुआ जो मैं नहीं चाहता था।
यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई।
What? ध्रुविष्य क्वाड्रा स्क्वेयर पर है!!
ध्रुविष्य आ गया? Impossible! कैसे?
कैसे? कैसे तो वहीं बताएगा। ...मैं अभी वहां पहुंचती हूं।
ध्रुव के लिए, ध्रुविष्य बनना मुसीबत का सबब बनता जा रहा था।
ध्रुविष्य, यूऽऽ...! कहां चले गए थे तुम?
O My God! इसको मैं कैसे समझाऊंगा कि मैं इसका ब्वॉयफ्रेंड नहीं, ससुर का ससुर का भी ससुर हूं!
ध्रुव की यह मुश्किल आसान होने वाली थी।

पर ऐसा करने वाला कोई दोस्त नहीं था।
What? मैं तुम्हारा वेलकम कर रही हूं और तुम दूर भाग रहे हो!!
क्योंकि इसका वेलकम तो मैं करूंगा...!
जेड द जेनिथ की तरफ से माइमेज तुम्हारा स्वागत करता है, ध्रुविष्य! या मैं कहूं कि ध्रुव!
O God! ये तो... माइमेज है! पिछली बार तो इसको नार्थ पोल तक ले जाना पड़ा था! तब ये काबू में आया था।
कौन ले गया था इसको नॉर्थ पोल?
तुम, डफर, और कौन? क्या हो गया है तुमको! तुमको तो कुछ याद ही नहीं है। शक्ल में भी थोड़ा फर्क है!! कहीं ये...टाइम ट्रैवलिंग का साइड इफैक्ट तो नहीं है।
लगता है। मैं काफी कुछ भूल गया हूं!
अच्छा! मेरा नाम क्या है?
O Come on Lipsy! इतना भी नहीं भूला हूं।
Thank God!
पर...ये माइमेज क्या बला है?
रिफ्रेश का बटन दबाओ, ध्रुविष्य! माइमेज तो न जाने कहां पर होगा! वह तो ऐसी प्रोजेक्टेड मैग्नेटिक इमेज भेजता है!
और फिर मैग्नेटिक खोल केंचुली की तरह अपने शिकार के शरीर को ढक लेता है। और फिर जैसा माइमेज करता है वही वह शरीर भी करता है!
और ये ऐसी एक नहीं, कई इमेजेज एक साथ भेज सकता है।
बस, बस! इसकी कुछ मेमोरी हमको भी रिफ्रेश करने दो!

ओफ्फ! अब...क्या... करूं?
ध्रुव ट्रायर के दौरान ऐसा कभी नहीं हुआ! ये जेड की ध्रुविष्य को खुल्लम खुल्ला चुनौती है! ध्रुविष्य को ये लड़ाई जीतनी ही होगी!
O God! तुम्हारी मेमोरी भी अभी ही जानी थी। अपने ब्रेसलेट से मैग्नेटिक रिवर्स फील्ड एक्टीवेट करो! उससे ये थोड़ा सा कमजोर हो जाएगा! ओफ्फ!
रेज मत छोड़ना! वर्ना ध्रुविष्य भी मारा जा सकता है।
हम जानते हैं, अंकल! हमको लड़ना मत सिखाइए। हम जानते हैं कि जो करना है...
"वह ध्रुविष्य को ही करना है।"
तुम कुछ नहीं कर सकते। सिवाय मरने के! हम जानते हैं कि तुमने डमीज पहने हुए हैं। ये बात या तो जेड जानता है या तुम...
...कि तुम ध्रुव हो! यहां तुम मरोगे और वहां ध्रुविष्य का अस्तित्व मिट जाएगा। खेल खत्म!
ओफ्फ! लगता है माइमेज इस बार काफी ताकतवर होकर आया है। उसने ध्रुविष्य के सारे यंत्र जाम कर दिए हैं। वह किसी भी टेकनीक का प्रयोग नहीं कर पा रहा है।
टेकनीक? हाहाहा। इसके पास कोई ऐसी टेकनीक है ही नहीं जो हमें हरा सके।

मेरी...सॉरी ध्रुव की स्टेच्यू पर रेंज छोड़ो! ऊपर की तरफ!
उससे क्या होगा? ये करना क्या चाहता है।
ध्रुविष्य!! संभालो अपने आपको। तुम इसे हरा सकते हो। तुम ऐसा पहले भी कर चुके हो और अब भी कर सकते हो।
Shot at will!
ताकत तो तुझमें काफी है। पर हाथ उठाकर होगा क्या?

जैसे भगवान, मंत्रों के आधीन होते हैं, वैसे ही तकनीक, नियमों के आधीन होती है और नियम कहते हैं कि...
...मैग्नेटिक फील्ड, हीट से कमजोर पड़ जाती है।
एमेजिंग! नो गैजेट्स! पर ध्रुविष्य स्टार लाइन कहां से लाया?
फिर भी ध्रुविष्य जीत गया।
ये तो बिल्कुल ध्रुव की तरह लगा।
ये जीत अधूरी है। अभी कई माइमेज बाकी हैं!
और हर माइमेज को मैं आग में जाने पर मजबूर नहीं कर सकता!
दूसरा नियम लागू करना पड़ेगा। ऊर्जा के दो भाग जब आपस में मिलते हैं तो या तो वे एक दूसरे में मिल जाते हैं...
...या एक दूसरे को नष्ट कर देते हैं।
मेरा ख्याल सही निकला। मैंने नोटिस किया था कि माइमेज एक दूसरे के पास नहीं जा रहे हैं और उनका कारण ये था।

लगता तुम पागल भी हो गए हो, ध्रुविष्य! मेरी स्किन खराब कर दी!
वह भी बेकार में! दो इमेज खत्म करोगे तो माइमेज चार इमेज और भेजेगा! और तब तक भेजता रहेगा तब तक हम खत्म नहीं हो जाते।
तो फिर पहले उसी को खत्म करना पड़ेगा।
कोशिश करना इंसान का अधिकार है।
उसके लिए माइमेज को ढूंढना पड़ेगा और ये काम आज तक कोई भी नहीं कर पाया है!
...और फल देना भगवान का। मेरे पीछे आओ। कमांडर...
उसके पीछे चलो!
POLICE
POLICE

हिलना मत, माइमेज!!
ये...ये क्या? मुझे ढूंढ निकाला!! पर कैसे?
तुमने खुद ही मुसीबत बुलाई है, माइमेज! अपनी मेग्नेटिक पॉवर से मेरे मेटल के स्टार ब्लेड्स को खींचकर!
बहुत खूब, ध्रुव! तुम फिर बच गए! तुमको यहां आए दो घंटे भी नहीं हुए और तुमने मेरे दो मोहरे मार दिए।
दो? पर मैंने तो सिर्फ एक...?
ये तो...जेड की आवाज है।
यहां से बाहर निकलो, तुरंत!
बड़ाऽऽऽम
OH God! तुम...तुम ठीक तो हो न, ध्रुविष्य!

इसने सही समय पर चेतावनी देकर कई सैनिकों की जान बचाई है। **He is Great!**
बस, बहुत हो गया। कुछ गड़बड़ है। मैं इसको लेकर घर जा रही हूं।
आज ध्रुविष्य ने वह कर दिया जो वह पहले नहीं कर पाया था। उसने माइमेज जैसे बड़े खतरे को खत्म कर दिया। यह निश्चित तौर पर क्राइम सुप्रिमो जेड के लिए एक बड़ा सेट बैक है!
ध्रुव टावर पर इससे अच्छा तोहफा हमको मिल ही नहीं सकता था। हम इस न्यूज पर बने रहेंगे एक छोटे से ब्रेक के बाद।
स्टारलाइन! स्टार ब्लेड्स!! ध्रुविष्य इनका यूज कब से करने लगा।
और इनके यूज से माइमेज जैसे विलेन को हराने भी लगा!! एमेजिंग। **I want a Brain like that!**
Are you O.K.? ध्रुविष्य?
Yes! Yes! लेकिन अब अगर तुमने पचासवीं बार ये सवाल पूछा तो मैं सचमुच पागल हो जाऊंगा।
No! you are not o.k.! तुम ध्रुव की तरह लड़ रहे हो। तुमको अपने समयकाल का कुछ याद नहीं है। और जो जेड तुमसे बचता फिरता था, उसके अनुसार उसने दो बार तुमको मारने की कोशिश की! पहली बार कहां पर की थी, याद है?
मुझे वहां का एड्रेस नहीं पता। बस ये याद है कि उस अपराधी का नाम ब्लैंकर था।
सवाल ये है कि जेड एकाएक तुमको कमजोर क्यों समझने लगा है!! और बमूर का क्या हुआ?
बमूर का मुझे पता नहीं!
उसको जेल से भगाने में भी जेड का ही हाथ होगा।
ये...जेड कौन है!
God! तुमको जेड की याद नहीं है। इस दुनिया के सुप्रीम क्रिमिनल की! अपने सबसे बड़े दुश्मन की!!
Wait lipsy wait!

जेड इस समय का सबसे बड़ा डॉन है। पर वह कोई जीती जागती चीज नहीं है। वह इंटरनेट की तरह ही अंडरवर्ल्ड नेट का एक सिस्टम है। उसमें 'वर्चुअल इंटेलिजेंस' है। सदियों से हो रहे अपराधों की जानकारी उसके पास है। इसीलिए वह नए-नए कांबिनेशंस से अपराधी और अपराध, दोनों ही पैदा करता रहता है। हमारे कम्प्यूटर सिस्टम्स में भी उसकी घुसपैठ है। इसीलिए उसको हमारे बारे में भी जानकारी रहती है। इस स्थिति में हम सिर्फ बचाव कर सकते हैं। अटैक वह करता है! वह, पूरे साइबर सिस्टम में फैला हुआ है! वह कहीं पर भी नहीं है और हर जगह है। वह कुछ भी कर सकता है। उसको नष्ट करना असंभव है।
मुझे बमूर के बारे में पूरी जानकारी चाहिए!
पर वो तो पास्ट में है। उसकी जानकारी लेकर तुम करोगे क्या?
फिलहाल वह हमारे और जेड के बीच का एक मात्र लिंक है। और अब मेरा निशाना बमूर नहीं, जेड है।
तो सुनो! और याद रखना!!
लिप्सी समझाती चली गई।
मैं भी तुम्हारे पीछे आइसोलेटर में आती हूं।
नहीं, लिप्सी। तुम यहीं रुककर ध्रुविष्य का इंतजार करो।
यानी तुम्हारा इंतजार?
ध्रुविष्य का!
स्टार लाइन! इस पर ध्रुव का कुछ ज्यादा ही असर हो गया है! ये ध्रुविष्य ही है न?
डी.एन.ए. ट्रैकर कभी गलत नहीं होता! But i am worried lipsy! ध्रुविष्य में कुछ गड़बड़ हो गई है।
पर ये बमूर के बारे में क्यों जानना चाहता है...
RAJ C
"जबकि बमूर यहां पर है ही नहीं! फिर ये उसके जरिए जेड तक कैसे पहुंचेगा।"

अरे!
No! स्वीटी को मत छूना! हट! हुश!
आऽऽऽऽ!
जरा लाठी देना बाबा!
हट, हट रे!
बचाओ!

क्रssssश
ये तो... कैनॉरर है! मेरे काल में पाया जाने वाला कुत्ता! पर ये यहां ...
पर तुम कौन हो?
अरे, ऐसे हादसे तो पूरे राजनगर में हो रहे हैं।
पंद्रह लोग भी कुत्तों से घायल हुए हैं। एक की हालत नाजुक है। न्यूज में आया था।
ग्यारह बिल्लियां तो मैंने मरी हुई देखी हैं। दो को तो मेरे सामने ऐसे ही कुत्ते ने मारा था।
ये तो सिर्फ एक सैम्पल सेल है। इसी से पूरे कैनॉरॉर को पैदा किया गया था!
मैं समझ गया! ये बमूर की चाल है। वह मेरा ध्यान भटकाना चाहता है। इसीलिए उसने...

मुझे क्लोनर को तुरंत डिप्रोग्राम्ड करना होगा। और अगर ये कैनॉरॉर यहां था....
तो क्लोनर भी आसपास ही होगा। उसे ढूंढना ज्यादा मुश्किल नहीं होना चाहिए।
ढूंढने की क्या जरूरत है, ध्रुविष्य....
...क्लोन प्रोग्राम का यूज किया है। ये तो शुक्र है कि उसका दिमाग कैनॉरॉर तक ही गया। वर्ना दहशत फैलाने के लिए वह तो डायनासौर्स तक की क्लोनिंग कर सकता था।
जरूर वह ये काम क्लोनर से करा रहा है।
हम इस युग मे छुपन छुपाई खेलने तो आए नहीं हैं।
Sorry Cloner! पर मुझे तुमको फॉरमैट करना पड़ेगा। बमूर तुम्हारा इस्तेमाल गलत इरादों के लिए कर रहा है।
बमूर ने मुझमें फीड किया था कि तुम ऐसा कर सकते हो।...
और यह एक्शन सेट किया था कि ऐसी सूरत में...
...मैं तुमको डिलीट कर दूं। फिनिश!
ये क्या बेवकूफी है। क्लोनर? तुम जानते हो कि मैं तुमको एक सेकंड में खाक कर सकता हूं।
फिर भी तुम मुझसे लड़ रहे हो! क्यों?
मैं तुमसे लड़ कहां रहा हूं। मुझे तो बस तुम्हारे पास आने का एक बहाना चाहिए था। ताकि मैं...
INTEX

...ताकि मैं ये कर सकूं!
My God! तुम...मेरी कोशिका चुराने के लिए लड़ रहे थे।
लॉजिक! अब यही लॉजिक...
अपनी जान बचाने का रास्ता सोचने में लगाओ।
कमाल है। क्लोनर माइक्रो फॉर्म में मेरे जैसे ही डुप्लिकेट ब्रेसलेट और दूसरे गैजेट्स भी लेकर आया था?
ओफ्फ! इसने पॉवर तो मेरी ली है, पर सोच बमूर की है! ये तो इस लड़ाई को युद्ध की तरह लड़ रहा है! इसको रोकना होगा...
वर्ना बमूर के कुछ करने से पहले...
ये ही इस शहर को तबाह कर...ओफ्फ!
मेरे पास तेरे जैसा ही दिमाग है और तेरे जैसे ही गैजेट भी हैं और मेरे पास दो हाथ और दो पैर एक्स्ट्रा भी हैं। तू मुझसे पार नहीं पा सकता।

आहSSS
ये तेरी कहानी का आखिरी सीन है, ध्रुव...
ओफ्फ!
अब होगा क्लाइमेक्स! और कहानी खत्म!
हर कहानी के क्लाइमेक्स में...
...विलेन हारता है और हीरो जीतता है!
हीरो जीतेगा? और वह भी इस रे-रोप से? इसको तो मैं एक पल में गला दूंगा।
जरूर गला दोगे। पर जब मौका मिलेगा तब!
कहानी का क्लाईमेक्स अब आया है, क्लोनर।

टाइम एक्सप्लोरर से सम्पर्क नहीं बन पा रहा है। और क्लोनर भी कुछ खास नहीं कर पा रहा है। अब मुझे अपनी फाइनल टेस्टिंग के लास्ट स्टेज को तुरंत अंजाम देना होगा!
बमूर की इस साजिश पर
लगाम कसने क तैयारियां भी जारी थीं।
मैंने पूरी पुलिस फोर्स को रेड एलर्ट पर कर दिया है। वे एक-एक नाली, एक-एक कूड़ेदान और हर ऐसी जगह की तलाशी ले रहे हैं जहां पर बम होने का अंदेशा हो। पर अभी तक किसी को कुछ नहीं मिला! कहीं हम अपना समय तो खराब नहीं कर रहे हैं।
नो, सर! बमूर को हमारे कैडेट्स ने देखा है। कुत्ते जैसे विचित्र प्राणियों का बिल्लियों पर एटैक करना और फिर गायब हो जाना, कैप्टन का गायब होना, यह सब बताते हैं कि खतरा वास्तव में मौजूद है!
पर अगर बम हैं तो वे पूरे राजनगर में फैलेंगे कैसे? बमूर के पास तो अब कोई आदमी भी नहीं है।
हमारे सर्विलेंस कैमरों ने भी अभी तक कुछ नहीं देखा है। काश कैप्टन यहां पर होते तो वह चुटकी बजाते बमूर की स्कीम का पता लगा लेते। अब हमारी सारी उम्मीदें....
"...ध्रुविष्य पर टिकी हुई हैं।"
क्लोनर की कहानी खत्म हुई! अब बारी बमूर की...
हे हे! क्लोनर में अभी दम बाकी है। बाजी अभी भी पलट सकती है।

ध्रुविष्य शायद भूल गया था कि एक सुपर हीरो को रिलैक्स होने की ईजाजत नहीं मिलती।
बस, अब मैं इसको दूसरा मौका नहीं दूंगा।
आह! आआऽऽऽऽ!
एक ही बार में मौत से लेकर क्रिया कर्म तक सब खत्म... आपने देखा, बमूर?
देखा! अब शाबासी लेने के लिए वापस आ जा! मुझे टाइम एक्सप्लोरर से सम्पर्क साधने में तेरी मदद चाहिए।
ध्रुविष्य की एक जिंदगी तो समाप्त हो चुकी थी...

पर दूसरे रूप में वह अभी भी जीवित था।
ये बमूर की कम्पलीट फाइल है। बमूर को तुम फरवरी 5060 में लाए थे और ये अप्रैल 5062 में निकल भागा था।
हुम! और ये इसके सामानों की लिस्ट है, ये उसके आइसोलेटर के कामों की और ये...ये क्या है?
ये उन कम्युनिकेशंस और पार्सलों की लिस्ट है जो उसके साथियों या रिश्तेदारों ने भेजे थे। पर ये हेड खुल नहीं रहा है। शायद इसमें कोई वायरस घुस गया है।
ISOLATER
पर मुझे याद है कि इतने दिनों में उसके नाम सिर्फ दो ई-लेटर और एक पार्सल आया था! उसके भागने से लगभग दो महीने पहले!
क्या था उस पार्सल में।
उसके काम से सम्बंधित कुछ मेकेनिकल पार्ट्स थे। उनको हमारे एक्सपर्ट्स ने चेक किया था। सभी पार्ट्स सेफ थे।
क्या मैं उस चीज को देख सकता हूं, जिस पर बमूर काम कर रहा था।
हां, जरूर! आओ। वह दरअसल बेसिक टाइम एक्सप्लोरर है जो सिंगल यूज मशीन है। अब वह काम नहीं करती। उसको सिर्फ सबूत के रूप में बचाकर रखा गया है!
ये रहा टाइम एक्सप्लोरर एक्जिट नं 026
पर उस मशीन को देखकर तुम करोगे क्या?
आपको कब पता चला कि जो यंत्र बमूर बना रहा है वह टाइम एक्सप्लोरर है।
उसके भागने के बाद!
जो पुर्जे पार्सल से आए थे, क्या वे इसी में लगे हैं?
अब...हुम...तुमसे क्या छुपाना। लगे तो इसी में हैं
यानि किसी ने बमूर की मदद की है। यह काम अकेले बमूर का नहीं है। शायद उसका है ही नहीं।
सर, आपके लिए गवर्नर की वीडियो कॉल है! सुपर अर्जेंट!
26
28

ISOLATOR
ADMINISTRATOR ISOLATOR
Yes Sir! एडमिनिस्ट्रेटर ऑफ आइसोलेटर हियर! बताइए!
ध्रुविष्य को तुरंत गिरफ्तार कर लो।
व्हाट!! किस जुर्म में सर।
वह ई-लेटर में लिखा है, जो उसको जल्दी ही मिल जाएगा!
ओके। सर। वन मिनट!
Hot line to Governer please.
Yes Administrator!
आपने अभी कोई ऑर्डर भेजा है, Sir!
No! अभी तो मैं ध्रुव ट्रायर के फंक्शन में बिजी हूं। बाद में काल करना!
So Mr. Governer या मैं कहूं कि...
Mr. Z!
तो तुम समझ गए! अब ध्रुविष्य को कस्टडी में हम लेंगे।
No!
और तुमको भी!
ठंक

खट्टट्टा
ये दरवाजा कैसे बंद हो गया?
ताकि हम...
आराम से बात कर सकें! शुरुआत परिचय से करते हैं।
मेरा नाम Z है। मैंने नहीं, लोगों ने रखा है...।
और तुम्हारा नाम क्या है? ध्रुव?
थैंक्स जेड! अगर तुम मुझे नहीं पहचानते तो हम शायद खुलकर बात नहीं कर पाते।
अब हम खुलकर बात कर सकते हैं। शुरुआत तुम्हारी मौत से करें?
या तुम्हारी मौत से! मैं समझ गया हूं कि तुम क्या हो और कहां हो!
"कोई दूसरा ये बात कहता तो मैं समझता कि वह ब्लफ मार रहा है। पर लॉजिक सर्किट कहते हैं कि तुम्हारे साथ चांस लेना इललॉजिकल होगा।"
"अब आइसोलेटर का कंट्रोल सिस्टम मैंने टेक ओवर कर लिया है।"

अगर तुम्हारी मौत तकलीफ देह हो तो चिल्लाना जरूर! मुझे अच्छा लगेगा।
एक तरफ सैकड़ों मौतें खड़ी थीं।

और दूसरी तरफ सैकड़ों के सिरों पर मौत नाच रही थी।
तूने कमाल कर दिया क्लोनर! ध्रुविष्य की चाल उसी पर चला दी! दुश्मन की कमजोरी ढूंढ़कर उसको अपनी ताकत बना लेना! और तूने भी उसके ही रूप से उसको मारकर यही किया!
आखिर मुझमें सोच तो आपकी ही है न! अब बताइए, आपका प्लान क्या है, ताकि मैं उससे आपकी मदद कर सकूं!
तू अपने यंत्रों की मदद से टाइम एक्सप्लोरर से सम्पर्क बनाने में मेरी मदद कर! मैं उससे सम्पर्क नहीं बना पा रहा हूं! और ये काम बहुत जल्दी करना है। अब यहां पर रुकना खतरे से खाली नहीं है।
ऐसा क्यों? अब यहां ना तो ध्रुविष्य है और ना ही ध्रुव!
क्योंकि फाइनल टेस्टिंग शुरू हो चुकी है जो एक घंटे में पूरी हो जाएगी। ये पूरा शहर धूल में मिल जाएगा और ऐसा होने से पहले ही मुझे सीक्रेट वेपन की रिपोर्ट के साथ यहां से निकल कर 5062 में पहुंच जाना है।
कमाल है। पर आपने फाइनल टेस्टिंग को अंजाम कैसे दिया?
यह जानना तुम्हारा काम नहीं है!
पर मेरा है...
ध्रु...ध्रुविष्य!! तू जिंदा है! पर तुझे तो क्लोनर ने...
क्लोनर को धोखा देना कोई मुश्किल काम नहीं था। इसको मैंने नष्ट इसीलिए नहीं किया ताकि मैं इसके जरिए तुम तक पहुंच सकूं।
और अब मेरे पास भी समय कम है और तुम्हारे पास भी!...हमारे झगड़े में इस युग को नुक्सान नहीं होना चाहिए। इसीलिए एक डील करते हैं! तुम इस विनाश को रोक दो, और मैं वापस जाने में तुम्हारी मदद करूंगा।
मेरी मदद! ...हाहाहा!!! अरे, तू पूरी कहानी जानता ही नहीं है!! अपनी खैर मना मूर्ख!

अब मेरा काम यहां पर खत्म हो गया है! ये जगह भी फाइनल टेस्टिंग में नहीं बचेगी! मैं किसी सुरक्षित जगह पर जाकर टाइम एक्सप्लोरर से सम्पर्क कर लूंगा।
अब तेरे सामने दो ही रास्ते हैं, ध्रुविष्य! या तो मेरा पीछा करने में समय बर्बाद कर या अपने पूर्वज की जन्मस्थली को बचाने में।
चल क्लोनर!
हम कहीं और जाकर एक्सप्लोरर से सम्पर्क...
पहले आप तो चलें!
ओफ्फ! मैं हिल नहीं पा रहा हूं! मेरे कमांडस के साथ छेड़छाड़ हो रही है! पर...ऐसा कौन कर सकता है?
मैं! आपने मेरे अंदर अपनी ही सोच भरी है ना। उस सोच में आपके कमांड्स भी शामिल हैं।
बस उनमें आपकी फाइनल टेस्टिंग के डिटेल नहीं थे।
तू...तू मेरे खिलाफ हो गया है! कैसे?
मैंने किया! जब ये हवा में घूम रहा था और मैं इसके सिर पर घूंसे मार रहा था तो वास्तव में मैं इसको फॉरमैट करके इसमें अपनी सोच भर रहा था। बस, तुम्हारी इंटेलेक्ट वाली फाइल मैंने डिलीट नहीं की थी। क्योंकि मैं जानता था कि मुझे उसकी जरूरत पड़ेगी।
इसीलिए अंत में इसने मुझ पर मेरे कमांड के अनुसार इंविजिबल रे छोड़ी थी, डिस्इंटिगेटर रे नहीं!

यहां पर आने से पहले साइंस्टर वोल्टार ने मुझे यह बताकर भेजा था।
नहीं! ये सारी स्कीम जेड ने बनाई है। अगर मैंने फाइनल टेस्टिंग नहीं की तो वह मुझे वापस जाते ही मार डालेगा। क्या पता, वह इस युग में भी आ धमके! वह कुछ भी कर सकता है।
मुझे फाइनल टेस्टिंग पूरी करनी होगी। करनी ही होगी। मुझे कमांड बदलने होंगे।
अब क्लोनर मेरे कमांड में है! और ये तुमको यहां से भागने नहीं देगा! अब तुम्हारे सामने दो रास्ते हैं।
या तो मेरे और राजनगर वालों के साथ यहीं पर मरो या बमों को डिफ्यूज करने में मेरी मदद करो।
आऽऽऽह! तू...तू बम वाली बात जानता है! कैसे?
उसको... उसको यह बात कैसे पता चली?
यह मैंने उससे नहीं पूछा! अब बमों को डिफ्यूज करो।
क्लोनर, इसको कमांड्स बदलने से रोको। अगर ये यहां से चला गया तो महाविनाश हो जाएगा और उसका जिम्मेदार मैं बनूंगा।
मैं कोशिश करता हूं। मैं इसको कमांड बदलने से रोकने में पूरी ताकत लगा दूंगा!
एक अदृश्य रस्साकशी शुरू हो गई थी।
बमूर, कमांड्स बदलकर भागने की कोशिश कर रहा था।
तो क्लोनर फिर से पुराने कमांड्स लोड कर रहा था।
रस्साकसी के खेल में सबसे ज्यादा जोर रस्से पर ही पड़ता है।
उफ!
ईईऽऽयाऽऽ
और इस केस में रस्सा बमूर का कमांड सिस्टम था!
ओफ्फ! मैंने इस अंत की उम्मीद कतई नहीं की थी। मैं तो सिर्फ बमूर पर दबाव डालकर उसका प्लान उगलवाना चाहता था!
अब कैसे पता चलेगा बमूर का प्लान। और वह भी 45 मिनट के अंदर!

मैं...कुछ... खर्रर्रर्रर्र ट्रि...टीं... मदद...करूं?
क्लोनर!! तुम ठीक हो?
कुछ प्रोग्राम करप्ट हो गए हैं। 25-30 डेंट हैं। बाकी ठीक लग रहा है।
तो फिर आओ! हमको बमूर की गुत्थी खुद सुलझानी है।
और अब इसमें हमारी मदद...
"सिर्फ कमांडो फोर्स ही कर सकती है।"
No luck Captain! तुम्हारे अनुसार राज नगर पर कयामत टूटने में सिर्फ 40 मिनट बाकी है। पर पूरे शहर में कहीं पर भी कुछ संदिग्ध नजर नहीं आ रहा है।
ओफ्फ! ऐसा कुछ तो है जो हमारी नजरों से चूक रहा है! क्या चीज है वो?
वर्तमान में तलाश जारी थी...
और भविष्य में तलाश पूरी हो चुकी थी।
ये संख्या में बहुत ज्यादा हैं और मुझे यह पता नहीं है कि ये क्या क्या कर सकते हैं!! मुझे थोड़ा सा समय चाहिए!

और वह मौका...
...यह देगा!
मुझको...
हुम! **Impressive!** पर तरीका जरा कच्चा है। क्योंकि इलेक्ट्रिसिटी को तो...
मैं एक सेकंड में ऑफ कर दूंगा। बस, पल भर के लिए अंधेरा होगा...
...और फिर इमर्जेंसी पॉवर जल उठेंगी। फिर तुम कहां जाओगे...ध्रुव? कहां गया?
ढूंढो उसे!!

ये ध्रुव पलक झपकते कहां गायब हो गया? क्या स्कीम चल रही है। इसके शैतानी दिमाग में?
ध्रुव कहीं भागा नहीं था!
ये डी.एन.ए. ट्रैकर के जरिए मुझे जल्दी ही ढूंढ लेंगे! उसी के बीच में मुझे अपनी स्कीम पर काम कर लेना है!
लिप्सी ने यही बटन दबाने को कहा था... हां...
लिप्सी तुम तुरंत आइसोलेटर पहुंचो। मैं मुसीबत में हूं!...और हां! अपने पापा को भी लेती आना! वे...वे शायद मेरी मदद कर सकें।
मैं आ रही हूं! तुरंत आ रही हूं! होवर कॉप्टर से मैं पांच मिनट में पहुंच जाऊंगी। तुम...तुम बस संभाले रखना!
जल्दी करो, घोंघों! गॉर्डस जल्दी ही मेरे कोड को खोल लेंगे।
ध्रुविष्य कहीं... इनविजिबल एनर्जी का यूज तो नहीं कर रहा है जेड।
नहीं, मूर्खों! वह ऐसा कर ही नहीं सकता। क्योंकि वह ध्रुविष्य नहीं...
...ध्रुव है!
सुपर कमांडो ध्रुव!!
वह सुपर कमांडो ध्रुव है।
ध्रुव! Is it possible? ऑपरेटर प्रेसीडेंट को फोन मिलाओ। हॉट लाइन पर?

यह खबर जंगल की आग की तरह चारों ओर फैल गई थी।
सुपर कमांडो ध्रुव हमारे बीच में है!
ये मीडिया वालों का स्टंट है। अपनी पापुलेरिटी बढ़ाने के लिए!
ध्रुव के बारे में पूछ रहे हो तो जवाब हां है। और जेड के बारे में न!
नहीं! इतना बड़ा झूठ कोई नहीं बोल सकता। हमारा प्यार ध्रुव को पास्ट से यहां पर खींच लाया है।
पर इस वक्त वह जेड के शिकंजे में है। वह जिंदा बचेगा या नहीं।
ध्रुव के लिए सारे रास्ते बंद हो रहे थे।
वह रहा ध्रुव! मुझे उसके जूते दिख रहे हैं। हॉल के पूर्वी कोने में जाकर पकड़ो उसे।
मैंने अपना काम कर लिया है। अब बस इंतजार करना बाकी है।
तब तक जिंदा रहने की कोशिश करके टाइम पास किया जाए।
ध्रुव, अपने आपको जिंदा रखने की कोशिश कर रहा था।
और ध्रुविष्य पूरे राजनगर को जिंदा रखने की-
ध्रुव से हमारी पूरी वंशावली ने यही सीखा है कि हर समस्या में ही उसका हल छुपा हुआ होता है।...अब देखो! मैंने प्वाइंट्स बनाए हैं।
ध्रुव बमूर तक पहुंचा, माफिया डॉन्स से उसकी सांठ-गांठ का पता चला और फिर वे सभी मारे गए! फिर उन डॉन्स के पास जेनेटिक केमिकल मिलें। और कुछ मशीनी पुर्जे भी। फिर बमूर ने मुझे और ध्रुव को मारने की कोशिश की! उसके बाद उसने हमारा ध्यान बंटाने के लिए क्लोनर की मदद से कैनॉरॉर पैदा कराए! दहशत फैलाने के लिए बिल्लियां मरवाई। कुत्ते, बिल्ली और... ओ गॉड!
क्या हुआ?
RAJNAGAR
मैं समझ गया कि बमूर ने क्या किया है।

ध्रुव के लॉग में चूहों का जिक्र था। नशीली आंखों वाले चूहों का!...उनको बमूर ने पैदा किया था। जेनेटिक केमिकल की मदद से। वे चूहे उसके प्रोग्राम्ड किए हुए थे। इसीलिए उसने कैनॉरॉर बनवाए। उनसे बिल्लियां मरवाईं। ताकि चूहों पर किसी भी किस्म का खतरा न रहे!
वे सारे बम चूहों पर फिट हैं। और चूहे नालियों और गटरों के जरिए कहीं भी पहुंच सकते हैं और हम उनको देख भी नहीं सकते!
इसीलिए...हमको बम कहीं नहीं मिले। हे भगवान! अब...इस विनाश को हम रोकेंगे कैसे?
नहीं रोक सकते।...अब तो विनाश होकर ही रहेगा।
पीटर की जबान पर...
...सरस्वती विराज रही थीं।
विनाश ने पहली दस्तक दे दी थी।
या, शायद था!
मैंने गड़बड़ी वाले एरिया के पूर्वी गेट को अनलॉक कर दिया है सर!
गुड! हम वहीं से अटैक करेंगे।
अब हंगामा खत्म होने में ज्यादा वक्त नहीं था।
लिप्सी, रुक जाओ! पहले कैदियों को काबू में आने दो।

लिप्सी ने ठीक वही किया जिसका मुझे अंदाजा था! अब अगला लॉजिकल स्टेप है...
...लिप्सी का बंधक बनना!!
सब रुक जाओ! और ध्रुव को हमारे हवाले कर दो। या तो जेड का हुक्म पूरा होगा, या इस लड़की की उम्र!
सब लोग रुक जाएं! पर हथियार कोई नहीं डालेगा!
तुम... सचमुच ध्रुव हो?
हां!
ऐ! ज्यादा बात नहीं! एक गन उठा, अपनी खोपड़ी पर लगा और चला दे। वर्ना इसकी मुंडी...
काट दोगे? काट दो! पर पहले जेड की इजाजत तो ले लो!
वाऊ...ध्रुव! आई कांट बिलिव!
जेड! ऑर्डर दो!!
अब यूटिलिटि बेल्ट में रखे ट्रांसमिशन जैमर को यूज करने का वक्त आ गया है। उम्मीद है कि ये इस युग में भी काम करेगा।
वो...ऊ... मैं...कर्टर्टर्ट इसका गला कर्टर्ट...कट... रहा है।
पर जेड तो सिर्फ एक इलेक्ट्रॉनिक डॉन है! और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम काम नहीं कर रहा है।
ये क्या मूर्खता है! तुम... तुम मेरी बेटी की जान दांव पर नहीं लगा सकते!
उसकी जान मेरे लिए भी उतनी ही कीमती है, जितनी तुम्हारे लिए। वह अगर तुम्हारी बेटी है, तो मेरी होने वाली बहू है, वोल्टारा...
वैसे...वह अब जेड के ऑर्डर से ही बच सकती है।
जेड चाहे तो उसे बचा सकता है।
लिप्सी को अगर कोई बचा सकता है तो सिर्फ जेड, न मैं न भगवान!

2010 में-
एक धमाके की खबर आई है। ब्लास्ट न्यूक्लियर था! पर वह इलाका आबादी वाला नहीं था।
अगला धमाका आबादी के बीच में भी हो सकता है।
ओफ्फ! समय हाथ से निकलता जा रहा है।
अगर... सीवर सिस्टम को फ्लड कर दें तो वे चूहे मर जाएंगे।
पूरे शहर के सीवर सिस्टम को फ्लड करने के लिए पानी कहां से आएगा! मिल भी गया तो समय लगेगा। हमको चूहों को कंट्रोल करना होगा।
वे चूहे, बमूर के बॉयोलोजिकल कमांड में हैं। तुम उस कमांड को ओवरराइट कर सकते हो, क्लोनर
इम्पॉसिबिल! बायोजिकल कमांड्स दोबारा प्रोग्राम नहीं किए जा सकते! मेंटल कमांड्स किए जा सकते हैं।
सीवेज सिस्टम की ये ओपनिंग कहां पर खुलती है?
WAGE SYSTEM
राजनगर के बाहर वाली मार्श लैंड पर! ये दलदली एरिया सैकड़ों हेक्टेयर में फैला है!
तब तो एक आइडिया ट्राई किया जा सकता है।
उन्हीं के जिनसे बमूर को खतरा था!
"...बिल्लियों के!"
तुम कितनी तेजी से क्लोनिंग कर सकते हो, क्लोनर?
फुल स्पीड पर! बताओ, किसके क्लोन्स चाहिए?

क्लोनर! क्या हुआ तुमको?
एनर्जी खत्म ...हो...रही है। मैं और क्लोनिंग नहीं कर सकता!
पर अभी हमको ऐसी शिकारी बिल्लियां और चाहिएं, जो उन चूहों का पीछा करके उनको एक जगह पर इकट्ठा कर सकें।
तुम्हारी कोशिश रंग ला रही है, ध्रुविष्य! सेटेलाइट की रेडियो एक्टिव मैपिंग से साफ पता चल रहा है कि चूहों को मार्श लैंड की तरफ खदेड़ा जा रहा है।
पर अभी भी कुछ चूहे इधर-उधर मौजूद हैं! तबाही कभी भी आ सकती है।
STEM
RAJNAGAR
तब तो एक ही तरीका बचता है...

मुझे खुद सीवर सिस्टम में उतरकर चूहों को मार्श लैंड की तरफ खदेड़ना पड़ेगा। और इसके लिए मुझे सिर्फ क्लोनर की मदद चाहिए।
एनीथिंग, बॉस! सिर्फ क्लोनिंग को छोड़कर!
पर...पर ये तो खुदकुशी है, कैप्टन!
ये आखिरी उम्मीद है, करीम! वर्ना करोड़ों जानें एक झटके में मिट जाएंगी।
यहां करोड़ों जानों को बचाने के लिए संघर्ष जारी था-
तो भविष्य में सिर्फ एक जान पर पूरा दांव लगा था।
ये...ये क्या बकवास है ध्रुव! जेड अगर कोई होगा तो यहां पर आएगा न! तुम मेरी बेटी की जान को यूं दांव पर नहीं लगा सकते!!
सॉरी वोल्टार। मेरी एक गलत हरकत लिप्सी की जान ले सकती है। पर जेड इसे बचा सकता है। सिर्फ एक ऑर्डर से।
नहीं! ये...ये क्या हो रहा है? कोई...कोई तो बचाओ इसे!!!
इसे सिर्फ जेड बचा सकता है।
सिर्फ जेड!
पर...जेड! नो...नो! ये...ये नहीं हो सकता! स्क्रीन क्यों नहीं चल रही है। जेड! जेड कहां गया?!! मैं-मैं...।
रुक जाओ। छोड़ दो लिप्सी को!!!

ये...ये तो जेड की आवाज है! पर...पर ये साइंस्टर वोल्टार के गले से!!! क्या ये... मिमिक्री है!!
ये...ये धोखा है!!
ये मिमिक्री नहीं है। धोखा नहीं है। मैं जेड हूं। मैं जेड हूं...!
लिप्सी को छोड़ दो।
ये धोखा है। हमारे साथ धोखा है।
अब ये लड़की नहीं बचेगी!! एक सेकंड भी नहीं बचेगी।
शर्त लगाओगे? इसकी जिंदगी का एक सेकंड...
...और तुम्हारी जिंदगी के बीस साल!
My God. So Fast.
Now i believe! ये ध्रुव है।
Are you alright lipsy?
कट तो मामूली है। पर...मैं ठीक नहीं हूं।
कह दीजिए पापा कि अभी जो आपने कहा वह सिर्फ मुझे बचाने के लिए एक झूठ था। सिर्फ झूठ।
ये सच है लिप्सी! वोल्टार के वायस प्रिंट जेड से एग्जैक्टली मैच करते हैं।
पर...आपने ऐसा क्यों किया, पापा? क्यों किया ऐसा?
क्योंकि मैं इस दुनिया को अपनी सोच के अनुसार चलाना चाहता था। एक समानांतर सरकार बनाना चाहता था। और सफल होने के बाद अपने आपको दुनिया के सामने लाना चाहता था! मुझे एक सेना चाहिए थी और वह सेना सिर्फ अपराधियों की ही हो सकती थी।

इसके लिए मैंने बमूर की
महत्वाकांक्षा का सहारा
लिया। वह मुझसे भी बड़ा डॉन
बनना चाहता था। मैंने जेड के
रूप में उसे गुप्त न्यूक्लियर
हथियार के बारे में बताया
और पास्ट में जाने में उसकी
मदद भी की। मेन प्लान तो
ध्रुविष्य को उसके पीछे
पास्ट में भेजना था और
फिर उसके वापस आने
का रास्ता बंद
कर देना था।

लेकिन मुझे इसका बिल्कुल अंदेशा
नहीं था कि बमूर के बजाय तुम यहां
आ जाओगे। तुमको तो मैं बमूर की
टाइम मशीन से निकलते ही पहचान
गया था। मेरे हाथों से तोते उड़
गए थे। तब से मैं तुमको मारने
का प्रयास करता रहा...
पर मैं भूल गया था
कि मैं एक महागाथा
से लड़ रहा हूं। और उस
गाथा ने यह साबित कर
दिया कि वह आखिर
महागाथा क्यों है।

ये तो मैं समझ गया ध्रुव कि लिप्सी को
तुमने बंधक इसीलिए बने रहने दिया
ताकि वोल्टार सच उगल दे। पर
तुमको साइंटिस्ट वोल्टार
पर शक कैसे हुआ?

उसे तकनीक भी वोल्टार ने दी, और इसी आइसोलेटर में उस तक टाइम एक्सप्लोरर बनाने के लिए जरूरत के पुर्जे भी पहुंचाए।
दूसरा शक मुझे माइमेज से लड़ने के दौरान हुआ! माइमेज अपने रास्ते में आने वाले हर इंसान को नुकसान पहुंचा रहा था, पर लिप्सी के साथ उसने ऐसा नहीं किया। क्यों? क्योंकि लिप्सी और माइमेज या फिर जेड में कोई भावनात्मक रिश्ता था। माइमेज में तो मुझे ऐसा कुछ नहीं दिखा। फिर लिप्सी का रिश्तेदार सिर्फ जेड हो सकता था। और वह वोल्टार था लिप्सी का एकमात्र रिश्तेदार!
और पक्के सबूत चाहिए तो जेल में बमूर तक पहुंचे पार्सल पर वोल्टार के कोई न कोई निशान जरूर मिल जाएंगे। शायद फिंगर प्रिंट्स भी!
I hate you Pop! Just hate you!
तुम शायद पहले ऐसे कैदी होगे, वोल्टार जो आइसोलेटर पहुंचने के बाद पकड़ा गया है। आओ केस चलने तक, तुमको तुम्हारा सेल दिखा दूं।
अभी नहीं, एडमिन! अभी एक बहुत जरूरी काम बचा है।
ध्रुव और ध्रुविष्य को अपनी-अपनी जगहों पर फिर से पहुंचाना है और यह काम सिर्फ मैं कर सकता हूं। मुझे लैब में ले चलो।
ध्रुव के आने की खबर जंगल की आग से भी ज्यादा तेजी से फैल चुकी थी।
Unbelievable! ध्रुव ट्रायर पर खुद ध्रुव आ गया।
सिर्फ आ नहीं गया। कुछ ही घंटों में इसने जेड का बीस साल का साम्राज्य भी खत्म कर डाला।
ध्रुव! ध्रुव!
ध्रुव तो ठीक है यार! पर ध्रुविष्य कहां है?
56

ध्रुविष्य यहां था!
वह उस बारूद के ढेर को हटा रहा था।
जिसके ऊपर राजनगर बैठा हुआ था। इस खतरे से एक दम अंजान।
COACHING
PMT
IIT
यार, आज पुलिस वाले कुछ ज्यादा दिखाई दे रहे हैं।
कोई वी.आई.पी आ रहा होगा। तुझे क्या लगता है, ये हमारे प्रोटेक्शन के लिए हैं?
GEWAGE
ध्रुविष्य अपना काम कर रहा है। पर समय तेजी से निकलता जा रहा है। क्या वह 5 सेकंड में मार्श लैंड की ओपनिंग तक पहुंच पाएगा?
और तेज क्लोनर और तेज! समय बहुत कम है।
00:00:09
जैसा तुम...कहो...
MARSH LAND
KEEP AWAY
अभी भी यह पक्का नहीं है कि इन चूहों से जो धमाके होंगे, उनकी शॉक वेव्स या रेडिएशन राजनगर को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे! तीन सेकंड बचे हैं। थ्री...टू...वन...जीरो...
KEEP AWAY

अरे! कोई धमाका नहीं हुआ! क्या मुझसे टाइमिंग करने में गलती हुई है?
नहीं, ध्रुविष्य...अह!!!
टाइमिंग... सही है!! मैं समझ...गया हूं!! ये...बम...चूहों की... बायो एनर्जी पर...चल रहे थे! चूहों के मरने से...बायो एनर्जी खत्म हो गई...और बम...बंद हो गए। खतरा टल गया है। ...अह!
और...साथ में...मैं भी!
तुम आज एक सुपर हीरो बन गए हो क्लोनर! एक सुपर हीरो की मौत मरे हो।
हमें नाज है कि तुम हमारे कैप्टन हो।
और ध्रुव के सच्चे उत्तराधिकारी!
Really?
ये सिर्फ मैं नहीं कह रहा हूं, पूरी मीडिया कह रही है और तुमको ढूंढ रही है!! और मैं तो सलाह दूंगा कि तुमको जाना चाहिए।
KAUN BANEGA SUPER COMMANDO DHRUV
ये पब्लिक का निर्णय है, ध्रुविष्य इस बारे में तो मुझे भी पता नहीं था।
तुम्हारा एपीसोड कल ही टेलीकास्ट हुआ और एक घंटे में ही हजारों SMS आ गए! अब फाइनल में रिजल्ट चाहे जो भी हो, मोस्ट फेवरिट ध्रुव का टाइटल तुमको दिया जाता है।
ऐसा ही एक सम्मेलन-

5062 में भी हो रहा था-
हम जानते हैं कि तुम ऐसा सम्मान बिल्कुल नहीं चाहते थे ध्रुव! पर ध्रुव ट्रायर पर खुद ध्रुव का आना और यहां से जेड के अपराध जगत को उखाड़ फेंकना कोई मामूली बात नहीं है।
इसके लिए ये सभी लोग तुम्हारा धन्यवाद भी करना चाहते हैं और तुम्हारी एक झलक देखना भी।
और यहां की जनता के सम्मान के तौर पर मैं पूरी जनसंख्या की तरफ से इस विश्वमंडल का राष्ट्रपति, तुमको ये तुम्हारी वंशावली की एक रिकार्डिंग देना चाहता हूं।इससे बड़ी गिफ्ट हम तुमको नहीं दे सकते।
ये हमारे प्रेम...अरे, ध्रुविष्य।
ध्रुविष्य!! You are Back! यानी...यानी...
"...पॉप ने अपना काम कर दिया है।"
हे हे हे। व्हाट्स दिज ये तो ध्रुव है। ये कैसा स्पेशल इफेक्ट था!!! इतनी जल्दी तुमने गेट अप कैसे चेंज किया!!
तो वह कंटेस्टेंट तुम थे। Nice twist! एवॉर्ड तो तुमको मिलना ही था।
It's over folks! अब मैं थोड़ा रेस्ट करूंगा।
Thank God! We are back to normal!
कैसी ट्रिप थी, कैप्टन? Back to future!
तुम... जानते हो?
ध्रुविष्य ने बताया।
मैंने एक चीज जानी है, पीटर! अगर कर्म सच्चे हों, तो हजारों सालों की दूरी भी उनके असर को मिटा नहीं सकती।

5062-
I am sorry about scienceter, lipsy! मुझे सपने में भी आभास नहीं था कि तुम्हारे पॉप कभी ऐसा भी करेंगे।
मुझे भी नहीं था। खैर छोड़ो। मुझे पास्ट की टाइम ट्रिप के बारे में बताओ! तुम...ध्रुव को मात देने का सपना पूरा कर पाए या नहीं?
NEW REALEASE
DHRUV
वह सचमुच सपना ही था, लिप्सी!
सच्चाई तो यह है कि ध्रुव और मैं एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं! बल्कि एक दूसरे के पूरक हैं। ध्रुव एक परम्परा है जिसको हम आगे बढ़ा रहे हैं।
यानी...अब तुम ध्रुव की तारीफ पर जलोगे नहीं।
नहीं, बल्कि...
मॉम, ये देखो। ध्रुव महागाथा का नया इश्यू और. ..और इसमें ध्रुविष्य भी है!! ये झूठी कहानी तो नहीं है न!
ध्रुव की कहानियां कभी झूठी नहीं होतीं।
तब तो ये अब तक की Bestest स्टोरी होगी।
मैं समझ गई, ध्रुविष्य।
ओ...ओ...परम्परा से एक बात याद आई। ध्रुव की एक परम्परा को तो हम आगे बढ़ा ही नहीं रहे हैं।
कौन सी परम्परा को?
ध्रुव वंश आगे बढ़ाने की परम्परा को।
क्या तुम मुझसे शादी करोगी?
Oh yes! Yes! Yes!
और ऐसे ध्रुव की वंश बेल में एक नया पत्ता और खिल गया। जो चलती ही रहेगी और शायद कभी खत्म नहीं होगी-
समाप्त

आज से तुम्हारा रिटायरमेंट शुरु हो रहा है सुपर कमाण्डो ध्रुव। क्योंकि अपराध के विनाश के लिए राजनगर में आ गया है तुमसे सौ गुना तेज, सौ गुना शक्तिशाली और दस गुना ज्यादा सुपर शक्ति धारक....
सुपर मैन
राज कॉमिक्स में सुपर कमाण्डो ध्रुव का सुपर डुपर कॉमिक विशेषांक!

नागराज के उपलब्ध कॉमिक्स

- ♣ नागराज
- ♣ नागराज की कब्र
- ♣ नागराज का बदला
- ♣ नागराज की हांगकांग यात्रा
- ♣ नागराज और शांगो
- ♣ खूनी खोज
- ♣ खूनी यात्रा
- ♣ नागराज का इंसाफ
- ♣ खूनी जंग
- ♣ प्रलयंकारी नागराज
- ♣ खूनी कबीला
- ♣ कोबरा घाटी
- ♣ बच्चों के दुश्मन
- ♣ प्रलयंकारी मणि
- ♣ शंकर शहंशाह
- ♣ नागराज का दुश्मन
- ♣ इच्छाधारी नागराज
- ♣ नागराज और कालदूत
- ♣ नागराज और जादूगर शाकूरा
- ♣ नागराज और बौना शैतान
- ♣ नागराज और ताजमहल की चोरी
- ♣ नागराज और लाल मौत
- ♣ नागराज और कावुकी का खजाना
- ♣ नागराज और थोडांगा
- ♣ नागराज और तूफान-जू
- ♣ नागराज और जादू का शहंशाह
- ♣ नागराज और अजगर का तूफान
- ♣ वकोरा का जादू
- ♣ पिरामिडों की रानी
- ♣ नागराज और मिस्टर 420
- ♣ थोडांगा की मौत
- ♣ नागराज और बेमबेम बिगेलो
- ✪ नागराज और नगीना का जाल
- ✪ नागराज और नगीना
- ✪ नागराज और मिस किलर
- ✪ नागराज और तूतेनतू
- ✪ नागराज और अदृश्य हत्यारा
- ✪ नागराज और कांजा
- ✪ नागराज और पापराज
- ✪ नागराज का अंत
- ✪ जहर
- ✪ क्राइमकिंग
- ✪ विषकन्या
- ✪ इच्छाधारी
- ✪ नागिन
- ✪ राज का राज
- ✪ मृत्युदंड
- ✪ आतंक
- ✪ नहीं बचेगा नागराज
- ✪ कालचक्र
- ✪ नागराज अमेरिका में
- ✪ आतंकवादी नागराज
- ✪ विषहीन नागराज
- ✪ इच्छाधारी चोर
- ✪ लावा
- ✪ विनाशलीला
- ✪ पागल नागराज
- ✪ मसीहा
- ✪ नागराज और सुपर कमांडो ध्रुव
- ✪ नागराज और बुगाकू
- ✪ फिर आया नागदंत
- ✪ विजेता नागराज
- ✪ विसर्पी की शादी
- ✪ शाकूरा का चक्रव्यूह
- ✪ नागपाशा
- ✪ खजाना
- ✪ स्नेक पार्क
- ✪ केंचुली
- ✪ प्रलय
- ✪ रक्षक नागराज
- ✪ जहरीले
- ✪ बांबी
- ✪ सपेरा
- ✪ फन
- ✪ विष-अमृत
- ✪ सम्मोहन
- ✪ नागराज और ड्रैकुला
- ✪ नागद्वीप
- ✪ त्रिफना
- ✪ महायुद्ध
- ✪ अग्रज
- ✪ नागराज का कहर
- ✪ तांडव
- ✪ दुश्मन नागराज
- ✪ शक्तिहीन नागराज
- ✪ कुंडली
- ✪ ऐलान-ए-जंग
- ✪ काली मौत
- ✪ सो जा नागराज
- ✪ शेषनाग
- ✪ भानुमति का पिटारा
- ✪ हरी मौत
- ✪ जहरीला बारूद
- ✪ माम्बर
- ✪ न्यूमेरो ऊनो
- ✪ ऑप्रेशन सर्जरी
- ✪ मिशन क्रिटिकल
- ✪ तीन सिक्के
- ✪ जंग मौत तक
- ✪ नागराज अंडर अरेस्ट
- ✪ ओमेर्टा
- ✜ राजनगर की तबाही
- ✜ कोहराम
- ✜ कयामत
- ✜ जलजला
- ✜ विध्वंस
- ✜ संग्राम
- ✜ परकाले
- ✜ संहार
- ✜ ड्रैकुला का अंत
- ✜ कोलाहल
- ✜ खलनायक
- ✜ सम्राट
- ✜ विनाश
- ✜ तानाशाह
- ✜ सूरमा
- ✜ कलियुग
- ✜ सौडांगी
- ✜ सर्वशक्तिमान
- ✜ चक्र
- ✜ मैड्यूसा
- ✜ छोटा नागराज
- ✜ शेषनाग
- ✜ नागाधीश
- ✜ वर्तमान
- ✜ फ्लेमिना
- ✜ फुंकार
- ✜ नागाधीश
- ✣ वरण काण्ड
- ✣ ग्रहण काण्ड
- ✣ हरण काण्ड
- ✣ शरण काण्ड
- ✣ दहन काण्ड
- ✣ रण काण्ड
- ✣ समर काण्ड
- ✠ इति काण्ड

♣	इस निशान वाली कॉमिक का मूल्य	: 15/-
●	इस निशान वाली कॉमिक का मूल्य	: 25/-
✪	इस निशान वाली कॉमिक का मूल्य	: 30/-
✜	इस निशान वाली कॉमिक का मूल्य	: 40/-
✣	इस निशान वाली कॉमिक का मूल्य	: 50/-
✠	इस निशान वाली कॉमिक का मूल्य	: 100/-

सुपर कमाण्डो ध्रुव के कॉमिक्स

- ♣ प्रतिशोध की ज्वाला
- ♣ रोमन हत्यारा
- ♣ आदमखोरों का स्वर्ग
- ♣ स्वर्ग की तबाही
- ♣ मौत का ओलम्पिक
- ♣ समुद्र का शैतान
- ♣ बर्फ की चिता
- ♣ रूहों का शिकंजा
- ♣ लहू के प्यासे
- ♣ महामानव
- ♣ वूडू
- ♣ मुझे मौत चाहिए
- ♣ बहरी मौत
- ♣ उड़नतश्तरी के बंधक
- ♣ एक दिन की मौत
- ♣ विनाश के वृक्ष
- ♣ चैम्पियन किलर
- ♣ आखिरी दांव
- ♣ वीडियो विलेन
- ♣ पागल कातिलों की टोली
- ♣ ब्लैक कैट
- ♣ रोबो का प्रतिशोध
- ♣ दलदल
- ♣ उड़ती मौत
- ♣ चण्डकाल की वापसी
- ● ड्रैकुला का हमला
- ✪ नागराज और सुपर कमांडो ध्रुव
- ✪ नागराज और बुगाकू
- ✪ ग्रेण्ड मास्टर रोबो
- ✪ आवाज की तबाही
- ✪ खूनी खिलौने
- ✪ किरीगी का कहर
- ✪ चुम्बा का चक्रव्यूह
- ✪ डॉक्टर वायरस
- ✪ सामरी की ज्वाला
- ✪ आत्मा के चोर
- ✪ वैम्पायर
- ✪ सुप्रीमा
- ✪ मैंने मारा ध्रुव को
- ✪ हत्यारा कौन
- ✪ सर्कस
- ✪ हत्यारी राशियां
- ✪ मौत के चेहरे
- ✪ कमांडर नताशा
- ✪ सजाए मौत
- ✪ अंधी मौत
- ✪ षड्यंत्र
- ✪ महाकाल
- ✪ खूनी खानदान
- ✪ अतीत
- ✪ जिग्सा
- ✪ ध्रुव-शक्ति
- ✪ जंग
- ✪ दुश्मन
- ✪ क्विज मास्टर
- ✪ ममी का कहर
- ✪ कमांडो फोर्स
- ✪ बौना वामन
- ✪ कालध्वनि
- ✪ शह और मात
- ✪ आया चुम्बा
- ✪ चुम्बा सम्राट
- ✪ ध्रुव हत्यारा है
- ✪ शहंशाह
- ✪ शैतान
- ✪ ध्रुव खत्म
- ✪ अंत
- ✪ दूसरा ध्रुव
- ✪ डिजिटल
- ✪ मास्टर ब्लास्टर
- ✪ रोबॉट
- ✪ सुपर कमांडो ध्रुव
- ✪ सुपर हीरो
- ✪ फरिश्ता
- ✪ रॉबिन हुड
- ✪ चैलेंज
- ✪ मैं समय हूं
- ✪ भूचाल
- ✪ मैच
- ✜ गुप्त
- ✪ स्पाइडर
- ✪ वेबसाइट
- ✪ वर्ड वाइड वेब
- ✜ राजनगर की तबाही
- ✜ कोहराम
- ✜ जलजला
- ✜ संग्राम
- ✜ परकाले
- ✜ संहार
- ✜ ड्रैकुला का अंत
- ✜ कोलाहल
- ✜ खलनायक
- ✜ सम्राट
- ✜ विनाश
- ✜ तानाशाह
- ✜ कलियुग
- ✜ सौडांगी
- ✜ चक्र
- ✜ निशाचर
- ✜ मैड्यूसा
- ✜ वर्तमान
- ✜ फ्लेमिना
- ✜ फास्ट फॉरवर्ड
- ✜ ध्रुविष्य
- ✜ आखिरी ध्रुव
- ✣ विध्वंस
- ✣ सर्वशक्तिमान
- ✣ सर्वनाश
- ✣ वरण काण्ड
- ✣ ग्रहण काण्ड
- ✣ हरण काण्ड
- ✣ शरण काण्ड
- ✣ दहन काण्ड
- ✣ रण काण्ड
- ✣ समर काण्ड
- ✠ इति काण्ड

इसी सैट के कॉमिक

- ✪ **आंख मिचौली** (नागराज का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✜ **आखिरी ध्रुव** (सुपर कमाण्डो ध्रुव का विशेषांक) (मूल्य : 40/-)
- ✪ **एक्सप्रेस वे** (डोगा का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ **प्रेम तड़प** (कोबी और भेड़िया का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ **किडनेपर** (फाइटर टोडस का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ **कुकडू कू** (बांकेलाल का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)

आप 100/- रुपए मूल्य या इससे अधिक मूल्य की कॉमिकें डाक द्वारा अग्रिम भुगतान भेजकर मंगा सकते हैं। अग्रिम भुगतान निम्नलिखित दो तरीकों से भेजा जा सकता है।

1. निकटवर्ती पोस्ट ऑफिस से अपने आदेशित कॉमिकों के मूल्य का मनीआर्डर राजा पॉकेट बुक्स 330/1, बुराड़ी, दिल्ली-84 के नाम बनवाकर, मनीआर्डर फार्म के संदेश वाले स्थान पर आदेशित पुस्तकों के नाम व अपना पता साफ-साफ लिखकर भेजें।
2. किसी भी बैंक से राजा पॉकेट बुक्स के नाम Payable at Delhi का ड्राफ्ट बनवाकर पत्र के साथ भेजें, जिसमें आपकी आदेशित पुस्तकों के नाम व आपका पता साफ-साफ लिखा होना आवश्यक है।

आगामी सैट के कॉमिक

- ✪ **पांचवां शिकार** (नागराज का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ **स्पीड एक्स** (डोगा का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ **प्रेम प्रतीक** (कोबी और भेड़िया का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ **आरंभ** (योद्धा का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ **प्रथम भोकाल** (भोकाल का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ **रक्त पिपासु** (थ्रिल हॉरर सस्पेंस का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)
- ✪ **टेढ़ी पूंछ** (बांकेलाल का विशेषांक) (मूल्य : 30/-)

प्रकाशकः राज कॉमिक्स (राजा पॉकेट बुक्स की एक इकाई)
330/1, बुराड़ी, दिल्ली-110084
फोनः 27611410 email:bizdev@rajcomics.com

दिल्ली में वितरक : **नागराज नावल्टीज**, 112, फर्स्ट फ्लोर, दरीबा कलां, दिल्ली-110006. फोनः 23251109, 23251092, 65172310, 32500860

कैसा जुनून है यह? क्यों बन रहा है आज का युवा स्पीड का दिवाना?

मर्यादा से गिरे तो होता है प्रेम पतन!
ADIL KHAN
और उठे तो बनता है...
प्रेम प्रतीक
अमरप्रेम